उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण
यूपीडा
सी-13, द्वितीय तल, पर्यटन भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ – 226010
0522-2307542 / 2307592 / 4013560, फैक्स: 0522-4013560 ईमेल: upeida2@gmail.com

**प्रेस नोट** दिनांक– **21.02.2020**

## पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य में फरवरी तक निर्धारित लक्ष्य पूरा करें सभी कंपनियां – अवनीश कुमार अवस्थी

## अथॉरिटी इन्जीनियर्स द्वारा पर्यवेक्षण कार्य पूरी मुस्तैदी से किया जाए

## ओवरब्रिज और पुलों के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखते हुए समय से पूर्ण कराया जाए

दिनांक 21.02.20 को यूपीडा के सीईओ श्री अवनीश कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक यूपीडा कार्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक में निर्माण कंपनियों के प्रतिनिधियों, सभी पीआईयू के साथ यूपीडा के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। कम्पनी राइट्स इण्डिया लि0 की टीम भी मौजूद थी। इस बैठक में श्री अवस्थी ने कंपनियों के प्रतिनिधियों को निर्देश देते हुए कहा कि फरवरी महीने का निर्धारित लक्ष्य समय से पूरा किया जाए। इसके साथ ही इस एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए। उन्होंने कंपनियों को निर्देश देते हुए कहा की मिट्टी का कार्य मई 2020 तक समाप्त कर लिया जाए। ओवरब्रिज एवम पुलों के निर्माण का कार्य गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए शीघ्रता से पूरे किए जाएं। निर्धारित लक्ष्य से पीछे चल रही कम्पनियों को श्री अवस्थी ने चेतावनी देते हुए हर हाल में मार्च तक अपने काम को पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने इस परियोजना से जुड़े हुए अथॉरिटी इन्जीनीयरों को निर्देश देते हुए कहा कि पर्यवेक्षण का कार्य पूरी मुस्तैदी से किया जाए और निर्माण कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी न आने दी जाए।

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य इन दिनों काफी तेजी से चल रहा है। अब तक 35 प्रतिशत से अधिक भौतिक कार्य सम्पन्न हो चुका है और 74 प्रतिशत से ज्यादा मिट्टी का कार्य पूरा कर लिया गया है। 485 स्ट्रक्चर का कार्य अब तक पूरा किया जा चुका है। इस साल के आखिर तक इस एक्सप्रेसवे के मुख्य मार्ग पर यातायात को खोलने की योजना है।

नोट– विस्तृत जानकारी के लिए विभाग की वेबसाइट– www.upeida.in का अवलोकन करें।

–प्रेसनोट की समाप्ति–